# JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

**परियोजना का नामः–** राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग मे कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग से देवलगढसारी तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 0.350 हे0 वन पंचायत भूमि एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.020 हे0 कुल 0.370 हे0 वन पंचायत भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी (राज्य मार्ग सं0 34) मोटर मार्ग के कि0मी0 28 से प्रारम्भ होकर देवलगढसारी ग्राम तक जाता हैं। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकडी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें।

**समरेखण–1** यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी (राज्य मार्ग सं0 34) मोटर मार्ग के कि0मी0 28 से प्रारम्भ होकर देवगलढसारी गॉव तक 1.200 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू–गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया है। इस समरेखण में 2 हेयरपिन बैण्ड पडते हैं तथा 9 वृक्ष प्रभावित होते हैं।

**समरेखण–2** यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी (राज्य मार्ग सं0 34) मोटर मार्ग के कि0मी0 28 से प्रारम्भ होकर देवगलढसारी गॉव तक 1.500 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण से क्षेत्रिय जनता भी सहमत नहीं हैं । इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड कि सं0 5 है तथा 25 वृक्ष प्रभावित हो रहे है।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0–1 उपर्युक्त हैं।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

वन क्षेत्राधिकारी
धनपुर वन क्षेत्र गौचर

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

प्रभागीय वनाधिकारी
केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग
गोपेश्वर।